S722 (जी) (40)

अनौपचारिक रूप से परामर्शित

पत्रांक–भवन / स्था0–02–विविध–25 / 2023.......

बिहार सरकार
भवन निर्माण विभाग

सेवा में,

महालेखाकार, बिहार,
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।

द्वारा:– **वित्त विभाग।**

पटना, दिनांक– 17/7/23

विषय:– बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना के अधीनस्थ क्षेत्रीय कार्यालयों में पूर्व से स्वीकृत आशुलिपिक के कुल 53 पदों के प्रत्यर्पण सहित विभिन्न श्रेणी के कुल 05 पदों का सृजन।

महाशय,

निदेशानुसार उपुर्यक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना के अधीन राज्य के विभिन्न विभागों के कई महत्त्वपूर्ण योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इन योजनाओं के ससमय गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन, अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण हेतु प्रशासनिक (संयुक्त सचिव स्तरीय पद) एवं वरिष्ठ तकनीकी पद नहीं होने के कारण योजनाओं के समुचित अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण में कठिनाईयाँ उत्पन्न हो रही है। भविष्य में भी बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना के अधीन नये भवन का निर्माण प्रस्तावित हैं जिसके लिए अतिरिक्त प्रशासनिक/तकनीकी पदों की आवश्यकता के मद्देनजर बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0 के निदेशक पर्षद की 59वीं बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में राज्य मंत्रिपरिषद् की बैठक दिनांक–04.07.2023 में मद संख्या–03 के रूप में बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0 के अन्तर्गत क्षेत्रीय कार्यालयों में पूर्व से स्वीकृत आशुलिपिक के 57 पदों में से 53 पदों के प्रत्यर्पण एवं शेष 04 पदों को निगम मुख्यालय में समाहित करते हुये विभिन्न श्रेणी के कुल 05 पदों के सृजन की स्वीकृति निम्नरूपेण प्रदान की गयी है:–

क्र0 सं0	पदनाम	वेतन स्तर	सृजन हेतु पदों की सं0	अभ्युक्ति
1	महाप्रबंधक (प्रशासन) (संयुक्त सचिव स्तरीय पद)	Level-13	01	उक्त पद पर भा0प्र0से0 /बि0प्र0से0 के संयुक्त सचिव के पद से सेवानिवृत्त पदाधिकारियों का नियोजन किया जायेगा
2	महाप्रबंधक (परियोजना) (अधीक्षण अभियंता स्तरीय पद)	Level-13	01	उक्त पद पर सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता का नियोजन किया जायेगा।
3	वरिष्ठ परियोजना अभियंता (कार्यपालक अभियंता स्तरीय पद)	Level-11	02	उक्त पद पर सेवानिवृत्त कार्यपालक अभियंता का नियोजन किया जायेगा।
4	सहायक महाप्रबंधक (यांत्रिक) (सहायक अभियंता स्तरीय पद)	Level-09	01	उक्त पद पर भवन निर्माण विभाग से सेवा दी जायेगी।
	कुल पद		05	

E:/Sanjay Kr. Alok /Old and New Work Folder/DRAFT-SEC-2 UPTO 01-01-2023/GAZZT.EST.doc

Scanned with OKEN Scanner

4. उक्त पदों पर नियोजित/नियुक्त पदाधिकारियों/अभियंताओं का वेतन भुगतान निगम के द्वारा किया जायेगा।

विश्वासभाजन,

(राजेश कुमार सिंह)
सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांकः– 5722 (अ) पटना, दिनांकः– 17/7/23

प्रतिलिपिः– वित्त विभाग (बजट शाखा), बिहार, पटना/प्रभारी पदाधिकारी, ई–गजट कोषांग, वित्त विभाग/संबंधित कोषागार पदाधिकारी, कोषागार/उप कोषागार, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांकः– 5722 (अ) पटना, दिनांकः– 17/7/23

प्रतिलिपिः– मुख्य सचिव, बिहार के विशेष कार्य पदाधिकारी/माननीय मंत्री के आप्त सचिव/अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग/संसदीय कार्य विभाग/वित्त विभाग/पथ निर्माण विभाग/ग्रामीण कार्य विभाग/भवन निर्माण विभाग/सचिव, बिहार विधान सभा/बिहार विधान परिषद्/अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना/सभी मुख्य अभियंता/निदेशक (अनुश्रवण)/मुख्य वास्तुविद्/सभी अधीक्षण अभियंता/सभी कार्यपालक अभियंता/मुख्यालय स्थित सभी राजपत्रित पदाधिकारी/बजट प्रशाखा (मु0) एवं आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, पटना को अनुलग्नक सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के संयुक्त सचिव।

E:/Sanjay Kr. Alok /Old and New Work Folder/DRAFT-SEC-2 UPTO 01-01-2023/GAZZT EST.doc

Scanned with OKEN Scanner

भवन निर्माण विभाग

....

भवन निर्माण विभाग के संलेख ज्ञापांक–4804 दिनांक–12.06.2023 में सन्निहित प्रस्ताव मंत्रिपरिषद् की बैठक दिनांक–04.07.2023 में मद संख्या–03 के रूप में सम्मिलित किया गया। बैठक की कार्यवाही के अवतरण के साथ आपकी संचिका लौटायी जाती है।

3.	बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि०, पटना के अन्तर्गत विभिन्न श्रेणी के कुल 05 पदों का सृजन तथा आशुलिपिक के अनावश्यक कुल 53 पदों को विलोपित करने के संबंध में।	3.	स्वीकृत।

04/07/23

(निशीथ वर्मा)
सरकार के संयुक्त सचिव।
मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग

उप सचिव
5/7
(राजेश कुमार सिंह)

प्र० पदा० स०

06/07/23